Regarding installation of overhead cables on Shimla-Chandigarh NH-laid

श्री सुरेश कुमार कश्यप **(शिमला) :** पांवटा साहिब ? सतौन ? कमराउ ? कफोटा ? शिलाई ? हाटकोटी - शिमला तक ओवरहेड ऑप्टिकल फाइबर (ओएफसी) बिछाने की आवश्यकता है । क्योंकि इस सुदूर क्षेत्र में कोई ओएफसी नहीं है । यह रोहड़ू के माध्यम से शिमला को जोड़ेगा और शिमला-पांवटा/देहरादून को वैकल्पिक कनेक्टिविटी देगा । शिमला-चंडीगढ़ सबसे छोटा मार्ग 80% से अधिक पूरा हो गया है । अत: कंडाघाट-सोलन-धर्मपुर-परवाणू के माध्यम से नए ओवरहेड ओएफसी की आवश्यकता है । चंडीगढ़ एन एच विस्तार कार्य के कारण पुरानी केबल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है तथा दोनों हिमाचल प्रदेश के लिए रीढ़ की हड्डी वाले ओएफसी मार्ग हैं । पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से हिमाचल प्रदेश में कोई नया केबल कार्य नहीं किया गया है । नालागढ़-बद्दी-परवाणू तक एक नई ओवरहेड केबल बिछाई जानी चाहिए क्योंकि एन.एच. विस्तार कार्य में बहुत पुरानी केबल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है । बद्दी-नालागढ़-परवाणू हिमाचल प्रदेश का मुख्य औद्योगिक केंद्र है । अत: मेरा माननीय संचार मंत्री तथा माननीय सड़क एवं परिवहन मंत्री जी से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द संबंधित विभाग को आदेश जारी करें ।